नवदुनिया
भोपाल, शुक्रवार, 07 नवंबर, 2025

# विश्व कप विजेता क्रांति गौड़ को नौकरी देगी सरकार, पिता का निलंबन भी खत्म होगा

**खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने नवदुनिया कार्यालय में दी जानकारी**

**आज मुख्यमंत्री से मिलेंगी क्रांति गौड़, सम्मानित करेगी सरकार**



राजा भोज एयरपोर्ट पर महिला क्रिकेट टीम की सदस्य क्रांति गौड़ का जोरदार स्वागत किया गया। • नवदुनिया

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः विश्व विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य मध्य प्रदेश की क्रांति गौड़ को राज्य सरकार नौकरी देगी। वहीं, पुलिस विभाग से उनके पिता का निलंबन भी जल्दी समाप्त होगा। यह बात प्रदेश के खेल एवं सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने नईदुनिया/नवदुनिया कार्यालय में चर्चा के दौरान दी। क्रांति शुक्रवार को मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव से मुलाकात करेंगी। इस दौरान मुख्यमंत्री उनको सम्मानित करेंगे।

खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि छतरपुर जिले के घुवारा कस्बे की रहने वाली इस लड़की ने सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी प्रतिभा दिखाई है। खेल मंत्री ने कहा कि कैबिनेट में क्रांति की शासकीय सेवा के लिए जल्दी ही प्रस्ताव लाया जाएगा। क्रांति के पिता मुन्नालाल सिंह पुलिस विभाग में निलंबित कर्मचारी है। जांच कराई जा रही है, जल्दी ही उनका निलंबन भी खत्म हो जाएगा।

## कैबिनेट चाहे तो सेकेंड क्लास अफसर भी बना दे

क्रांति गौड़ की सरकारी नौकरी के प्रोफाइल में उनकी शैक्षणिक योग्यता आड़े आ सकती है। वजह यह है कि वह केवल आठवीं कक्षा ही पास हैं। हालांकि जानकारों का कहना सरकार चाहे तो उन्हें सेकेंड क्लास अधिकारी बना सकती है। प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव शरदचंद्र बेहार ने बताया कि कैबिनेट को अर्हता को शिथिल कर नौकरी देने का विशेषाधिकार है, वह कर भी सकती है। लेकिन ऐसे मामले में कोई पूर्व उदाहरण जानकारी में नहीं है।

पीपुल्स समाचार

# भारतीय क्रिकेट टीम की खिलाड़ी क्रांति गौड़ का भोपाल में स्वागत



भोपाल। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य क्रांति गौड़ गुरुवार को दिल्ली से इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट से भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट पहुंचीं। इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी का एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। नन्हे बच्चों ने भी फूल मालाओं और तिरंगे झंडों के साथ क्रांति का गर्मजोशी से स्वागत किया।

पीपुल्स समाचार

# हिलाओं के विश्वविजेता बनने का उत्साह, एमपी यूथ गेम्स में शामिल होगा क्रिकेट

## नवदुनिया के नवीन कार्यालय पहुंचे खेल और सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने की घोषणा, बोले- शूटिंग और वाटर स्पोर्ट्स का हब बनेगा प्रदेश

**नवदुनिया**
**परिचर्चा**

दुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भारतीय हिला क्रिकेट टीम के विश्व विजेता नने का उत्साह मध्य प्रदेश में बड़ा दलाव लाने जा रहा है। प्रदेश के ल और सहकारिता मंत्री विश्वास लाश सारंग ने गुरुवार को कहा कि ागामी एमपी यूथ गेम्स में क्रिकेट ो भी शामिल किया जाएगा। यह दम युवाओं को इस लोकप्रिय खेल अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और ज्य टीम में सीधे प्रवेश पाने का वसर बनेगा। नवदुनिया के नवीन र्यालय पहुंचे खेल मंत्री सारंग ने संपादकीय टीम से चर्चा में कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत नई आशा है। इसमें भी प्रदेश की बेटी क्रांति गौड़ का योगदान हमारे लिए गौरव का क्षण है। क्रांति के इस प्रदर्शन से प्रदेश के युवाओं, खासकर बेटियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की बड़ी प्रेरणा मिलेगी। मंत्री सारंग ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए जमीनी स्तर पर काम किया जा रहा है। उन्होंने शिवपुरी में संचालित क्रिकेट अकादमी का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे भविष्य में मध्य प्रदेश का क्रिकेट नई ऊंचाइयों पर जाएगा।

उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि आगामी एमपी यूथ गेम्स में क्रिकेट खेल को भी शामिल किया जाएगा। एमपी यूथ गेम्स में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सीधे प्रदेश की टीम में चुना जाएगा, और इसके लिए खेल संघों को भी इन खेलों से जोड़ा जा रहा है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि भोपाल का भेल स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स 100 एकड़ में फैला एक महत्वपूर्ण केंद्र है। इसे खेल विभाग की मदद से फिर से शुरू किया जाएगा, ताकि शहर के आधे हिस्से के खिलाड़ियों को एक बेहतरीन और बड़ा खेल परिसर मिल सके।

**देश में मध्य प्रदेश के खेल माडल की मांग :** खेल मंत्री ने कहा कि प्रदेश वाटर स्पोर्ट्स और शूटिंग का हब बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी के तहत भोपाल के पास खानूगांव को जल क्रीड़ा केंद्र के रूप में विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना बनाई जा रही है, जिससे खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि खेल विभाग अब टैलेंट सर्च की प्रक्रिया को तेज कर रहा है, ताकि प्रदेश के हर कोने की प्रतिभा को बिना किसी देरी के अवसर दिया जा सके। इससे ग्रामीण और छोटे शहरों के खिलाड़ी भी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा पाएंगे। खेल मंत्री ने "पार्थ योजना" का भी उल्लेख किया, जो सेना और पुलिस में भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए शुरू की गई है। इस योजना के तहत खेल विभाग उन्हें शारीरिक और खेल संबंधी प्रशिक्षण में सहयोग प्रदान कर रहा है।


सवालों के जवाब देते खेल मंत्री विश्वास सारंग।

- सहकारिता क्षेत्र में नये रोजगार सृजन पर भी सरकार का जोर
- मध्य प्रदेश का खेल माडल देशभर में है लोकप्रिय

### सहकारिता में 'सहकार से समृद्धि' और रोजंगार के अवसर

सहकारिता विभाग से जुड़े सवाल पर मंत्री सारंग ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से प्रदेश में 'सहकार से समृद्धि' हो रही है। उन्होंने बताया कि सहकारिता के क्षेत्र में युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार दिया जा रहा है। विभाग एक नई 'थ्री पीपीपी' (पब्लिक-प्राइवेट-पीपल पार्टनरशिप) योजना लेकर आया है। इसके अलावा होम स्टे को बढ़ावा देने के लिए सहकारी समितियां काम कर रही हैं।